दिनांक : 25.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

पीएम-संविधान दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कहा कि यह सत्र संविधान पारित होने के 75 वर्ष सहित कई कारणों से विशेष रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के लिए गरिमापूर्ण ऐतिहासिक अवसर होगा। उन्होंने कहा कि संसद के समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्मान बढाने के लिए किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री नयी चेतना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए संचालित किए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान "हम होंगे कामयाब" पखवाड़े को सफल बनाने की अपील की है। इस अभियान की आज से शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है।

सहकारिता आंदोलन

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत सहकारिता आंदोलन में वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। एक राष्ट्रीय दैनिक में छपे आलेख में श्री शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र न केवल आर्थिक रूप से महत्वाकांक्षी व्यक्तियों को समृद्ध बनाने के लिए

है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में लाने के लिए भी है। श्री शाह ने कहा कि देश में पहली बार आज से दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन, महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

संविधान-पदयात्रा

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा में भाग लिया। यह पदयात्रा भारतीय संविधान के संस्थापक सदस्यों के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए आयोजित की गई थी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली।

संसद स्थगित

अडाणी ग्रुप के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दो को लेकर विपक्ष के हंगामे को देखते हुए ससंद के दोनों सदनों की बैठक आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष ने विभिन्न मुद्दों पर शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बीच दोनों सदनों की बैठक दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज अपने यूके दौरे की शुरूआत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ब्रिटिश संसद का दौरा करेंगे।

- इस वर्ष राष्टीय युवा महोत्सव के तहत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग थीम पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज से पांच दिसंबर तक माय भारत पोर्टल पर हिस्सा लिया जा सकता है।
- **शहडोल में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इससे जुड़े विभागों के साथ प्रशासनिक अधिकारी लगातार बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में यह कॉन्क्लेव होगी।**
- **शिवपुरी जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही को लेकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग पोहरी में पदस्थ एलएचव्ही** कर्मचारी **को निलंबित कर** दिया **है। यह कार्यवाही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रस्ताव पर की गई है।**
- उल्लस नव भारत साक्षरता अभियान के तहत आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में कल विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें असाक्षरों का सर्वे करने सहित अन्य कई जानकारियां दी गई।
- भारत ने पर्थ क्रिकेट टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को 295 रनों से हरा दिया है। आज मैच के चौथे दिन आस्टेलिया के सामने 534 रन बनाने का लक्ष्य था। लेकिन आस्टेलिया की टीम 238 रनों पर आउट हो गयी। जसप्रीत बुमराह को मैन ऑफ द मैच चुना गया है।

....